सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
ज्येष्ठ 4, बुधवार, शाके 1944-मई 25, 2022 *Jyaistha 4, Wednesday , Saka 1944- May 25, 2022*	

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, मई 25, 2022

संख्या एफ.15(11)पंरावि/विधि/पं.सं.गठन/पाली/2022/618 :- राजस्थान पंचायती राज अधि नियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या-13) की धारा-98 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते अधि नियम, 1994 की धारा-10 एवं 101 में वर्णित शक्तियों को राज्य सरकार द्वारा जिला कलेक्टर, पाली को पंचायत समिति के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन/नवसृजन किये जाने हेतु उपयोग कर प्रस्ताव तैयार करने, सार्वजनिक अवलोकन के लिये प्रसारित करने, एक माह की अवधि में आपत्तियां आमंत्रण करने एवं उन पर सुनवाई करने के पश्चात तैयार किये गये प्रस्तावों को राज्य सरकार से अनुमोदन करवाये जाने के लिए अधिकृत किया जाता है।

आज्ञा से,
नवीन जैन,
शासन सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।